दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 03／05／2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर सरगर्मी तेज। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से करेंगे मुलाकात।

02. प्रदेश के सभी पंचायतों में प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को लगेगा सहयोग शिविर। उन्नीस मई से होगी शुरूआत।

03. जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के तहत प्रदेश में अड़तालीस लाख पचास हजार से अधिक लोगों ने स्व–गणना में लिया भाग। वैशाली जिला पहले स्थान पर।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तरी भागों में अगले दो दिनों तक आंधी–बारिश और वज्रपात की आशंका।

————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है। माना जा रहा है कि छह या सात मई तक मंत्रिमंडल का विस्तार हो जायेगा। मंत्रिमंडल के विस्तार के मुद्दे पर पार्टी के केन्द्रीय नेताओं से चर्चा के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दिल्ली गये हुये हैं। वहां, वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। इससे पहले कल पटना में मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की थी। वहीं, लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और बिहार से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। इस मुलाकात को भी सम्भावित मंत्रिमंडल के विस्तार से जोड़ कर देखा जा रहा है।

————————————————————

प्रदेश की सभी पंचायतों में इस महीने की उन्नीस तारीख से प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों का भेजे निर्देश में कहा है कि शिविरों में प्रखंड, अंचल और थानों से जुड़ी शिकायतों को ऑन स्पॉट निपटारा किया जायेगा। इसका आयोजन पंचायत सरकार भवन या इसके आस–पास किसी सार्वजनिक स्थान पर होगा। विकसित भारत समृद्ध बिहार अभियान के

तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका मकसद आम नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

———————————————————————

प्रदेश में जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के अंतर्गत स्व गणना का कार्य पूरा हो चुका है। इस दौरान प्रदेशभर में अड़तालीस लाख पचास हजार आठ सौ अड़तालीस लोगों ने स्व–गणना प्रपत्र भरे। इस मामले में पहले स्थान पर वैशाली जिला रहा, जहां पांच लाख छियासी हजार दो सौ बीस परिवारों की सूचनाएं ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड की गई है। दूसरे स्थान पर गया जिला रहा जहां, चार लाख पंचानवे हजार तीन सौ इकतीस लोगों ने स्व–गणना पत्र भरा। जबकि गोपालगंज तीन लाख छह हजार चार सौ इक्यानवे स्व–गणना पत्र अपलोड कर तीसरे स्थान पर है। पटना जिला दो लाख अड़तीस हजार सात सौ पचास स्व–गणना पत्र भरकर चौथे स्थान पर है। गौरतलब है कि सत्रह अप्रैल से एक मई के बीच स्व–गणना पत्र भरे गये थे। स्व गणना की समय सीमा समाप्त होने के बाद दो मई से राज्य में मकान सूचीकरण और आवास गणना का कार्य किया जा रहा है।

———————————————————————

जदयू अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार अपनी पहली राजनीतिक यात्रा की शुरुआत आज से करेंगे। निशांत कुमार की इस यात्रा का नाम सद्भाव यात्रा रखा गया है। श्री निशांत ग्यारह बजे पटना स्थित पार्टी मुख्यालय से सदभाव यात्रा के लिए रवाना होंगे। यात्रा की औचारिक शुरूआत पश्चिम चम्पारण जिले के बेतिया से होगी। इस दौरान उनके साथ जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भी मौजूद रहेंगे। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने बेतिया में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यात्रा के दौरान निशांत कुमार पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद भी करेंगे।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

पश्चिम बंगाल, केरलम, तमिलनाडु, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना कल होगी। असम की एक सौ छब्बीस, केरलम की एक सौ चालीस और पुद्दुचेरी की तीस सीट के लिए मतदान नौ अप्रैल को हुआ था। तमिलनाडु की दो सौ चैंतीस सीटों के लिए तेईस अप्रैल को और पश्चिम बंगाल की दो सौ निरानवे सीटों के लिए दो चरणों में तेईस और उनतीस अप्रैल को वोट डाले गए थे।

———————————————————————

प्रदेश के सभी नौ सौ सत्ताईस राजस्व न्यायालयों को आधुनिक उपकरणों और सुविधाओं से लैस किया जायेगा। साथ ही वीडियो कांफ्रेंस की भी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश भेजा है। अपने निर्देश में उन्होंने कहा है कि राजस्व न्यायालयों का आधुनिकीकरण का काम संबंधित जिलाधिकारी की निगरानी में होगा। उन्होंने कहा कि न्यायालयों के आधुनिकीकरण से न्याय प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के साथ ही दस्तावेजों का डिजिटलीकरण भी आसान होगा।

————————————————————————

स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी आज आयोजित की जा रही है। परीक्षा दोपहर दो बजे शुरू होगी और शाम पांच बजे समाप्त होगी। नीट के सूचना बुलेटिन के अनुसार परीक्षा केंद्र में अंतिम प्रवेश दोपहर डेढ़ बजे तक होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने उम्मीदवारों के लिए जारी निर्देश में कहा है कि प्रवेश पत्र के साथ मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड या राशन कार्ड जैसा एक मूल फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

————————————————————————

पटना जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने नीट छात्रा की संदिग्ध मौत मामले में सीबीआई को दो महीने के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया है। साथ ही तीन दिनों के अन्दर छात्रा की माता का बयान सक्षम अधिकारी के समक्ष दर्ज करवाने को भी कहा है। अदालत ने प्रत्येक चौदह दिन पर शपथ युक्त प्रगति प्रतिवेदन दाखिल करने का आदेश सीबीआई को दिया है। विशेष अदालत ने छात्रा के परिजनों को ढ़ाई लाख रूपये का अंतरिम मुआवजा देने का आदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है।

————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के उत्तरी भागों में आंधी–बारिश की स्थिति लगातार बनी हुई है। मौसम विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार के प्राणपुर में एक सौ चौदह मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, पूर्णिया के कसबा और ढेंगराघाट में एक सौ छह मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान उत्तर बिहार के अधिकांश स्थानों पर आंधी–बारिश की सम्भावना है। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात की आशंका जतायी गयी है।

———साउंड बाइट———

इधर, राज्य के दक्षिणी भागों में उमसभरी गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना, बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद समेत दक्षिण–पश्चिम भागों में तापमान में वृद्धि दर्ज किये जाने की सम्भावना है।

———————————————————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद खत्म करने के मोदी सरकार के दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में आयोजित शौर्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान सशस्त्र बलों के अतुलनीय शौर्य ने इसे भारत के सैन्य इतिहास का स्वर्ण अध्याय बना दिया है।

———साउंड बाईट———

ऑपरेशन सिंदूर का लक्ष्य पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में स्थित आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था। इन हमलों के कारण चार दिनों तक भीषण झड़पें हुईं, जो बाद में दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति के साथ समाप्त हुईं।

———————————————————————

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड– बीसीसीआई ने इंग्लैंड में बारह जून से शुरू हो रहे टी–ट्वेंटी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए पन्द्रह सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। हरमनप्रीत कौर टीम की कप्तान और स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है।

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में टी–ट्वेंटी पुरूष लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कल अलग–अलग स्थानों पर खेले गये मुकाबले में खगड़िया, पूर्णिया, समस्तीपुर और अररिया की टीमों ने जीत दर्ज की।

पटना में खेली जा रही बिहार राज्य अन्डर नाईन शतरंज प्रतियोगिता के बालक वर्ग का खिताब पूर्णिया के आर्यन कुमार ने जीता जबकि बालिका वर्ग का खिताब मुजफ्फरपुर की दिशा कुमारी ने जीता है।

जमुई के मलयपुर में पच्चीस मई से बिहार राज्य सीनियर खो–खो चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी बिहार खो–खो संघ के सचिव नीरज कुमार पप्पू ने दी है।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। हैदराबाद में यह मैच आज दोपहर बाद साढ़े तीन बजे से खेला जाएगा। अहमदाबाद में एक अन्य मैच में गुजरात टाइटन्स का सामना पंजाब किंग्स से

होगा। मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। वहीं, कल खेले गये मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को आठ विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने निर्धारित बीस ओवर में सात विकेट पर एक सौ उनसठ रन बनाए।

———————————————————————

सीवान जिले के बड़हरिया थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी सोनू यादव मारा गया। उस पर पच्चीस हजार रूपये का ईनाम घोषित था। पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों पूर्व एमएलसी मनोज सिंह के भांजे और उनके बहनोई पर गोलीबारी की घटना में भी सोनू यादव वांछित था। गौरतलब है कि इस घटना में पूर्व एमएलसी के भांजे की मौत हो गयी थी।

———————————————————————

मधुबनी जिले के रहिका थाना क्षेत्र के मलंगिया गांव में जेसीबी से खोदे गए गड्ढे में डूबने से दो सगे भाईयों की मौत हो गयी। इधर, कैमूर जिले के भभुआ—भगवानपुर पथ पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई।

———————————————————————

कटिहार पुलिस ने निबंधन कार्यालय के रिकॉर्ड रूम से जमीन के दस्तावेज की चोरी कर फर्जी नाम पर जमीन बेचने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। इस संबंध में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने सुपौल जिले के निर्मली में अनुमंडल व्यवहार न्यायालय का उद्घाटन किया।

———————————————————————

मधेपुरा जिला मुख्यालय के पास साहुगढ़ में पुल धसने से एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है।

———————————————————————

अररिया जिले के रानीगंज में खनन विभाग की टीम ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बिहार लोक सेवा आयोग के निर्णय को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– एईडीओ की भर्ती परीक्षा रद्द। परीक्षा कराने वाली एजेंसी पर केस दर्ज।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– सैटेलाईट टाउनशिप पर चरणबद्ध तरीके से काम करें, समय सीमा का ध्यान रखें।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– सम्राट दिल्ली पहुंचे, कैबिनेट का विस्तार अगले सप्ताह, तीन से अब तीस हो जायेंगे मंत्री।

प्रभात खबर लिखता है– बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम करने पर भारत और नेपाल में बनी सहमति।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर सरगर्मी तेज। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से करेंगे मुलाकात।

02. प्रदेश के सभी पंचायतों में प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को लगेगा सहयोग शिविर। उन्नीस मई से होगी शुरूआत।

03. जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के तहत प्रदेश में अड़तालीस लाख पचास हजार से अधिक लोगों ने स्व–गणना में लिया भाग। वैशाली जिला पहले स्थान पर।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तरी भागों में अगले दो दिनों तक आंधी–बारिश और वज्रपात की आशंका।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।